**1291. कौन-सी व्याख्या सत्य है-**

(i) 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की जनसंख्या 6.86 करोड़ है।

(ii) शुद्ध घरेलू उत्पाद के आधार पर स्थिर मूल्यों (2004-05) पर गणना करने पर राज्य में सर्वाधिक वृद्धि दर आठवीं योजना में हुई।

(a) (i) सत्य
(b) (ii) सत्य
(c) दोनों (i) तथा (ii) सत्य
(d) दोनों (i) तथा (ii) असत्य

**Complier Exam Date-21.08.2016**

**Ans. (c)** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की जनसंख्या 6.86 करोड़ हैं। जिसमें 3.55 करोड़ पुरुष एवं 3.29 करोड़ महिला है। ग्रामीण जनसंख्या 75.1% तथा शहरी जनसंख्या 24.9% है। शुद्ध घरेलू उत्पाद के आधार पर स्थिर मूल्यों (2004-05) की गणना पर सर्वाधिक वृद्धि दर आठवीं योजना में प्राप्त हुई।

**1292.वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में महिला साक्षरता का प्रतिशत क्या है?**

(a) 20.44% (b) 39.42% (c) 38.42% (d) 52.11%

**उत्तर -** (a) **RPSC RAS/RTS-1992**

**व्याख्या -** वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में महिला साक्षरता का प्रतिशत 20.84 तथा पुरुष साक्षरता का प्रतिशत 55.07 था। वर्ष 2011 की जनगणना के नवीन आंकड़ों के अनुसार राजस्थान की कुल साक्षरता 66.1% है जिसमें पुरुष साक्षरता 79.2% है जबकि महिला साक्षरता 52.1% है।

**1293.सन् 1991 की जनगणना में राजस्थान के पाली, अजमेर और चित्तौड़गढ़ जिले में सबसे कम जनसंख्या वृद्धि-दर रही। कम वृद्धि-दर का मुख्य कारण है -**

(a) कम जन्म दर (b) अधिक मृत्यु दर
(c) रोजगार के अवसर (d) यातायात साधनों की कमी

**उत्तर -** (a) **RPSC RAS/RTS-1992**

**व्याख्या -** वर्ष 1991 की जनगणना में राजस्थान के पाली, अजमेर एवं चित्तौड़गढ़ जिलों में सबसे कम जनसंख्या वृद्धि दर रहने का मुख्य कारण जन्म दर में कमी होना था। ज्ञातव्य है कि उपर्युक्त तीनों जिलों में 1991-2001 के दशक में भी 25 प्रतिशत से कम जनसंख्या वृद्धि दर्ज की गई है।

**1294.1991 में राजस्थान में स्त्री-पुरुष अनुपात 1981 की तुलना में-**

(a) वही है (b) कुछ मात्रा में बढ़ा है
(c) कुछ मात्रा में घटा है (d) काफी मात्रा में बढ़ा है

**उत्तर -** (c) **RPSC RAS/RTS-1992**

**व्याख्या-**वर्ष 1981 में राजस्थान में लिंगानुपात 1000 : 919 था जो कि वर्ष 1991 में घटकर 1000 : 910 हो गया। इससे स्पष्ट है कि 1981-91 के दशक में राजस्थान के लिंगानुपात में कुछ मात्रा में कमी आयी थी। 2011 की जनगणना के अनुसार लिंगानुपात 1000 : 928 है।

**1295.राजस्थान के विभिन्न जिलों में 1991 तक जनसंख्या की सर्वाधिक वृद्धि जिस जिले में हुई वह जिला है–**

(a) बीकानेर (b) जैसलमेर (c) डंगूरपुर (d) जयपुर

**उत्तर–(d)** **RPSC RAS/RTS-1993**

**व्याख्या–** 1991 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या की सर्वाधिक वृद्धि जयपुर में (47,22,551 की) हुई। जयपुर में जनसंख्या घनत्व 1991 में 335 था। वर्तमान में 2011 की जनगणना के अनुसार भी सर्वाधिक जनसंख्या जयपुर में है। जबकि सर्वाधिक वृद्धि दर वाला बीकानेर (41.19%)।

**1296.राजस्थान का सर्वाधिक साक्षरता वाला जिला है–**

(a) अजमेर (b) बीकानेर (c) जयपुर (d) पाली

**उत्तर–(a)** **RPSC RAS/RTS-1993**

**व्याख्या**–राजस्थान का सर्वाधिक साक्षरता वाला जिला अजमेर (1991 की जनगणना के अनुसार) है। वर्ष 2011 के आंकड़ों के अनुसार राजस्थान की साक्षरता 66.1% है जिसमें सर्वाधिक साक्षरता कोटा (76.6%) जिले में और न्यूनतम साक्षरता जालौर (54.9%) जनपद में है।

**1297.निम्नांकित में से कौन-सा एक युग्म सही है?**

**जनगणना, 1991**

| जिला | लिंग-अनुपात |
|---|---|
| **(a)** धौलपुर | **796** |
| **(b)** डूंगरपुर | **942** |
| **(c)** जैसलमेर | **997** |
| **(d)** जालौर | **810** |

**RPSC RAS/RTS 1944-95**

**उत्तर - (a) व्याख्या—** प्रश्नकाल के दौरान विकल्प (a) सही था।

**जनगणना, 2011**

| जिला | लिंग-अनुपात |
|---|---|
| धौलपुर | **846** |
| डूंगरपुर | **994** |
| जैसलमेर | **852** |
| जालौर | **952** |

**1298.निम्नांकित में से कौन-सा एक जोड़ा सही है?**

**गरीबी रेखा से नीचे जनसंख्या(1993-94)**

| राज्य | प्रतिशत |
|---|---|
| **(a)** पंजाब | **45.3%** |
| **(b)** बिहार | **13.8%** |
| **(c)** उत्तर प्रदेश | **45.5%** |
| **(d)** राजस्थान | **34.3%** |

**उत्तर - (d)**

**RPSC RAS/RTS 1944-95**

**व्याख्या—** प्रश्नकाल के दौरान विकल्प (d) सही था।

**1299. 1991 ई. की जनगणना के अनुसार राजस्थान में न्यूनतम महिला साक्षरता वाला जिला है–**

(a) जालौर (b) बाड़मेर
(c) जैसलमेर (d) बाँसवाड़ा

**उत्तर -** (b)

**RPSC RAS/RTS 1996**

**व्याख्या**–वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान में न्यूनतम महिला साक्षरता वाला जिला बाड़मेर था, जबकि नवीनतम 2011 की जनगणना के आँकडों के अनुसार, राजस्थान के न्यूनतम महिला साक्षरता वाला जिला जालौर (38.5 प्रतिशत) है।